कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा
शैक्षणिक सत्र – 2023 - 2024
समेटिव असेसमेंट 2
कक्षा - 5 विषय - हिंदी
भाग - 2 **अवधि – 45 मिनट**

नाम: ______________ **कक्षा**: __________ **वर्ग:** ______ **दिनांक**: ________________

निर्देश-
- **इस पेपर में दो मुद्रित पृष्ठ हैं।**
- **प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढें।**
- **इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

खण्ड - क
अपठित गद्यांश

भारत केवल धरती का एक भाग नहीं है , यह हज़ारों वर्षों का और करोडों लोगों का संचित अनुभव है । जिन-जिन लोगों ने भारत को अपना घर कहा , उन्हीं के इस अनुभव के पक्के रंग में हम सब रंगे हुए हैं । हम इसे भारतीय संस्कृति कहते हैं । यह बताना तो बड़ा मुश्किल है कि हमारी संस्कृति क्या है , लेकिन उसको महसूस करना और अपने-आप जान लेना बहुत आसान है । उसको तुम उसी तरह पहचान सकते हो, जैसे बछड़ा गाय को पहचानता है, हालांकि बछड़ा अपनी उस पहचान को शब्द नहीं दे सकता । संस्कृति उस खुशबू की तरह है, जिसकी पहचान तो आसानी से हो सकती है पर जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता । यह संस्कृति ही वह धागा है , जो तुम्हें अन्य भारतीयों के साथ जोड़ता है । चाहे वे शहर में रहते हों या कस्बे में या भारत के किसी गाँव में । यहाँ तक कि यह सूत्र तुम्हें हज़ार बरस पहले के भारतीय के साथ जोड़ता है और आगे पैदा होने वाले भारतीयों के साथ भी । यह एक विशाल धारा की तरह है, जो तुम्हारे आगे भी और पीछे भी ।

ऊपर दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिये |

प्रश्न 1) गद्यांश के अनुसार भारत क्या है?

प्रश्न 2) हम किस चीज को महसूस करते हैं, किंतु बता नहीं पाते?

प्रश्न 3) संस्कृति किसके समान है?

प्रश्न 4) भारतीयों को आपस में जोड़ने वाला क्या है?

प्रश्न 5) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक बताइए

खण्ड - ख
रचनात्मक बोध

प्रश्न 10) दिए गए किसी एक विषय पर आठ से दस वाक्यों में अनुच्छेद लिखें।

‘पेड़ों का महत्व’ या ‘इंटरनेट की उपयोगिता’

खण्ड - ग
साहित्य

प्रश्न 6) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

क) चेले ने गुरू जी को क्यों बुलवाया था?

ख) गुरू और चेले ने राज्य का नाम किससे पूछा?

ग) आरिफ और सलीम ने गुसलखाने में दाँत साफ करने के लिए किसे भेजा?

घ) कविता - गुरू और चेला किस नगरी में घूमने निकल पडे?

ड) पाठ -एक दिन की बादशाहत में बच्चों ने खाना किससे बनवाया?

पाठ - “एक दिन की बादशाहत” - में दोनों घंटों बैठकर पाबंदियों से बच निकलने के बारे में सोचा करते थे । लिहाज़ा उन दोनों ने मिलकर एक योजना बनाई और अब्बा की खिदमत में दरखास्त पेश की कि बच्चों को बडों के सारे अधिकार दे दिए जाएँ और बच्चे बड़े बन जाएँ तथा बड़े छोटे बन जाएँ ।

प्रश्न 7) आरिफ और सलीम ने खाने में क्या -क्या बनवाया?

प्रश्न 8) अब्बा ने क्या सोचकर आरिफ और सलीम की बात मान ली होगी? - सोचकर बताइए ।

प्रश्न 9) अगर आपको एक दिन के लिए घर के सारे अधिकार दे दिए जाएँ तो आप क्या -क्या करना चाहेंगे? अपने विचार बताइए।

..............................X..............................